Roll. No. ....................

Total No. of Questions : 28]

* 1 8 *

[Total No. of Printed Pages : 08

# A-402

## हायर सेकेण्डरी, परीक्षा–2017 (व्यावसायिक छात्रों के सहित)

## Second Language (General) : Hindi

## द्वितीय भाषा (सामान्य) : हिन्दी

Time : Three Hours]

[Maximum Marks : 100

निर्देश :

i) वस्तुनिष्ठ प्रश्न सर्वप्रथम हल कीजिए।

ii) प्रश्न क्र. 1 से 5 तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं। प्रत्येक के लिए 1–1 अंक–अंक निर्धारित हैं।

iii) प्रश्न क्र. 6 से 15 तक के लिए दो–दो अंक निर्धारित हैं। शब्द सीमा 30 शब्द।

iv) प्रश्न क्र. 16 से 21 तक प्रत्येक प्रश्न के लिये 3–3 अंक निर्धारित हैं। शब्द सीमा 30 से 75 शब्द।

v) प्रश्न क्र. 22 से 24 तक प्रत्येक प्रश्न के लिए 4–4 अंक निर्धारित हैं। शब्द सीमा 75 से 120 शब्द।

vi) प्रश्न क्रमांक 25 से 27 तक प्रत्येक प्रश्न के लिए 5–5 अंक निर्धारित हैं। शब्द सीमा 120 से 150 शब्द।

vii) प्रश्न क्रमांक 28 के लिए (7+3) 10 अंक निर्धारित हैं। शब्द सीमा 200 से 250 शब्द।

---

1) उचित शब्दों का चयन कर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए:– [5x1=5]

(i) महाकवि सूरदास का जन्म ............... सन् मे हुआ था। (1578 ई./1478 ई.)

(ii) बल बहादुरी पाठ .................. विधा हैं। (निबंध/एकांकी)

(iii) "मैला आंचल" कहानी .................. संग्रह हैं। (बाबू गुलाब राय/फणीश्वरनाथ रेणु)

(iv) रहीम ने ...................... दोहे लिखे हैं। (142/152)

(v) "मेरी असफलताएँ" प्रसिध्द निबंध संग्रह के लेखक ......... हैं। (रामचन्द्र शुक्ल/गुलाब राय)



https://www.evidyarthi.in/

2) निम्नलिखित कथनों के लिए सही विकल्प चुनिये – [5x1=5]

(i) "जलघर' शब्द का सही अर्थ है –

| | | | |
|---|---|---|---|
| (अ) | आसमान | (ब) | आकाश |
| (स) | बादल | (द) | पृथ्वी |

(ii) तत्तपुरुष समास का उदाहरण है –

| | | | |
|---|---|---|---|
| (अ) | यथाशक्ति | (ब) | धर्मनिष्ठा |
| (स) | सत्याग्रह | (द) | भाई–बहन |

(iii) लेखक को कस्तूरबा के प्रथम दर्शन कब हुए –

| | | | |
|---|---|---|---|
| (अ) | 1917 | (ब) | 1925 |
| (स) | 1914 | (द) | 1915 |

(iv) सिध्दार्थ की करुणा का प्रतीक है –

| | | | |
|---|---|---|---|
| (अ) | धूप | (ब) | वर्षा |
| (स) | सूखा | (द) | बाष्प |

(v) "अंबुज" का अर्थ है –

| | | | |
|---|---|---|---|
| (अ) | बादल | (ब) | जल |
| (स) | कमल | (द) | धुँआ |

3) निम्नलिखित कथनों में सत्य/असत्य का चयन कीजिए:– [5x1=5]

(i) द्वन्द्व समास में दोनों पद प्रधान होते है।

(ii) भूषण की कविता अवधी भाषा में है।

(iii) भारत ने शून्य का अविष्कार किया है।

(iv) दैहिक, दैविक, भौतिक, तापत्रय नहीं माने जाते है।

(v) सुभद्राकुमारी चौहान स्वतंत्रता आंदोलन में जेल गई थी।



https://www.evidyarthi.in/

4) स्तम्भ 'क' का स्तम्भ 'ख' से मिलान कर सही जोडी बनाइये:– [5x1=5]

| स्तम्भ 'क' | स्तम्भ 'ख' |
|---|---|
| (i) तीन बच्चे | (अ) मैथिलीशरण गुप्त |
| (ii) यशोधरा की व्यथा | (ब) निबंध |
| (iii) पुस्तक | (स) भूषण |
| (iv) रहिमन विलास | (द) संकलित |
| (v) शौर्य गाथा | (इ) रहीम |
| | (फ) सुभद्राकुमारी चौहान |

5) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में दीजिए – [5x1=5]

(i) गांधीजी के अनुसार सच्ची शिक्षा किसका बोध कराती है।

(ii) गंगाजल का शब्द विग्रह होगा।

(iii) जब सामासिक शब्द में विशेषण–विशेष्य का भाव हो या उपमेय उपमान का भाव हो कहलाता है।

(iv) रचना के आधार पर वाक्य के कितने भेद होते हैं।

(v) "कर" शब्द अंग्रेजी के किस शब्द का हिन्दी पर्याय है।

6) चाची ने माँ के पास जाकर क्या कहा था? [2]

अथवा

मोमबत्ती बुझने पर चांदनी कहाँ–कहाँ फैल गई?

7) राजा का चुनाव क्यों आवश्यक था? [2]

अथवा

पुस्तक व यात्रा का क्या संबंध है?

8) भारतेन्दु युग की दो विशेषताएँ बतातें हुए उस युग के दो लेखकों की एक–एक रचना का नाम लिखिए? [2]



https://www.evidyarthi.in/

अथवा

निबंध किसे कहते हैं? अर्थ बताते हुए समझाइये?

9) शुक्ल युग के निबंधों की दो विशेषता बताते हुए दो निबंधकारों के नाम लिखोः– [2]

अथवा

"बाबू गुलाब राय" के अनुसार निबंध की परिभाषा दीजिए?

10) निम्न शब्दों के दो–दो पर्यायवाची शब्द लिखिए– [2]

(i) कमल (ii) गंगा

अथवा

निर्देशानुसार वाक्य परिवर्तन कीजिए–

(i) शशि गा और नाच रही है। (संयुक्त वाक्य)

(ii) अंशुल राजनगर में रहता है। (निषेधवाचक वाक्य)

11) निम्नलिखित मुहावरों का अर्थ लिखकर वाक्यों में प्रयोग कीजिएः– [2]

(i) फला न समाना (ii) सिर पटक लेना

अथवा

निम्नलिखित का समास विग्रह कर समास का नाम लिखिए–

(i) कमल नयन (ii) नवरत्न

12) निम्नलिखित शब्द युग्मों का अर्थ बताते हुए वाक्यों में प्रयोग कीजिए– [2]

(i) दिन – दीन (ii) नींद – निन्द्य

अथवा

निम्नलिखित अशुध्द वाक्यों को शुध्द कीजिए?

(i) आप सादर पूर्वक आमंत्रित हैं। (ii) शीला के मस्तक मे भारी सिर दर्द है।



evidyarthi
https://www.evidyarthi.in/

13) निम्नलिखित का भाव पल्लवन कीजिए– [2]

"विश्व एक बौध्दिक समाज में परिवर्तित हो रहा है।"

अथवा

निम्नलिखित लोकोक्तियाँ का अर्थ सहित वाक्यों में प्रयोग कीजिए–

(i) अन्धा पीसे कुत्ता खाए (ii) आंख के अन्धे नाम नयन सुख

14) कोई चार तकनीकी शब्द लिखिये। [2]

अथवा

निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिये–

(i) सज्जन (ii) कृतज्ञ

(iii) सजीव (iv) पराधीन

15) निम्नलिखित भिन्नार्थक समोच्चारित शब्दों का अर्थ लिखकर वाक्यों में प्रयोग कीजिए– [2]

(i) छात्र – क्षात्र (ii) वसन – व्यसन

अथवा

निम्नलिखित अनेकार्थी शब्दों के दो अलग–अलग अर्थ लिखकर वाक्यों में प्रयोग कीजिए–

(i) घटा (ii) फेर

16) रहीम ने धन को महत्व क्यों दिया हैं? [3]

अथवा

छत्रसाल की बरछी की विशेषताएँ लिखिए?

17) ऋषियों का महामंत्र क्या है? [3]

अथवा

कवि ने हिमालय से हमारे कई सम्बन्ध बताए हैं, उनमें से किन्हीं तीन का उल्लेख करो?



https://www.evidyarthi.in/

18) माँ किस प्रकार की शिक्षा देती है? [3]

अथवा

"हम कहाँ जा रहे है" से कवि का क्या संदेश है?

19) बाढ़ पीडितों की सहायता किस प्रकार की गई? [3]

अथवा

"सबल के बल का सदुपयोग ही सफलता की कुंजी है।" इस कथन को स्पष्ट कीजिए।

20) दुनियाँ में कौन–सी दो अमोध शक्तियाँ मानी गई है? कस्तूरबा की निष्ठा किसमें अधिक थी? [3]

अथवा

चौके का काम निपटाकर बाहर आने पर लेखिका ने क्या देखा?

21) समय की पाबंदी के संबंध में गांधीजी का क्या मत था? [3]

अथवा

केरल के गाँवो की कौन–कौनसी विशेषताएँ हैं?

22) यशोदा ने देवकी को क्या संदेश भेजा? [4]

अथवा

यशोधरा की निजी व्यथा लोक व्यथा क्यों बन गई है?

23) लोगों की सिरचन के प्रति क्या धारणा थी? स्पष्ट कीजिए। [4]

अथवा

पुस्तके किन षडयंत्रों का शिकार होती हैं?

24) निम्नलिखित पद्यांश की व्याख्या संदर्भ एवं प्रसंग सहित लिखिए:– [4]

जागो फिर एक बार।
समर मे अमर कर प्राण,
गान गाए महासिन्धु से
सिन्धु–नद–तीरवासी!
सैन्धव तुरंगो पर



https://www.evidyarthi.in/

चतुरंग चमू संग,

"सवा–सवा लाख पर

एक को चढ़ाऊंगा,

गोविन्द सिंह निज

नाम जब कहाऊँगा।"

अथवा

मै धरा का धैर्य हूँ

ज्योति हूँ मैं ही गगन की

अग्नि की मैं ही लपट हूँ

तीव्र गति हूँ मैं पवन की

नीर का गंभीर स्वर हूँ

वत्सला हूँ–वंदना हूँ

मै जननि हूँ–जन्मदात्री

विश्व की शुभ कामना हूँ।

25) निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर दिये गये प्रश्नों के उत्तर दीजिए–

शिक्षा का उद्‌देश्य मनुष्य को मनुष्य बनाता है। उनमें आत्म निर्भरता की भावना भारत तथा देशवासियों का चरित्र निर्माण करना होता है। परन्तु वर्तमान शिक्षा प्रणाली में इस प्रकार का कोई लाभ नहीं हो रहा है। प्रति वर्ष हजारों नवयुवक डिग्री प्राप्त करके निकलते हैं और उन्हें नौकरी नहीं मिल पाती। इस कारण बेकारी दिनों दिन बढ़ती जा रही है।

प्रश्न–

(i) उपर्युक्त गद्यांश का शीर्षक लिखिए। [1]

(ii) बेकारी का पर्याय लिखिए। [1]

(iii) सारांश लिखिए। [1]

(iv) शिक्षा का उद्‌देश्य लिखिए। [2]



https://www.evidyarthi.in/

26) निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर दिये गये प्रश्नों के उत्तर दीजिए–

"ठान लोगे तुम अगर युग को नई तस्वीर दोगे।
गर्जन से शत्रुओं के तुम कलेजे चीर दोगे।
दाँव गौरव पर लगे तो शीश दे देना विहँसकर।
देश के सम्मान पर, काली घटा छाने न देना,
देश की स्वाधीनता पर, आँच तुम आने न देना।"

प्रश्न–

(i) उपर्युक्त पद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए। [1]

(ii) काली घटा से क्या तात्पर्य है? [2]

(iii) उपर्युक्त पद्यांश का भावार्थ लिखो? [2]

27) अपने विद्यालय के प्राचार्य को शुल्क–मुक्ति हेतु आवेदन पत्र लिखिए। [5]

अथवा

अपनी बोर्ड परीक्षा की तैयारी की सूचना हेतु अपने पिताजी को एक पत्र लिखिए।

28) खण्ड (अ)

निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर लगभग 200 शब्दों में निबंध लिखिए– [7]

(i) राष्ट्रीय एकता
(ii) पर्यावरण प्रदूषण और हमारा दायित्व
(iii) दहेज प्रथा और नारी
(iv) विज्ञान – वरदान और अभिशाप

खण्ड (ब) [3]

(i) बेरोजगारी की समस्या
(ii) हमारे राष्ट्रीय पर्व –
(iii) स्वच्छ भारत अभियान –
(iv) पालिथीन के दुष्प्रभाव –

***********



https://www.evidyarthi.in/